माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान

की

निर्देश–पुस्तिका

Hand-Book

का

अध्याय–13,13-A,13-B

(वर्ष 2012 तक संशोधित)

बोर्ड से

सम्बद्धता (मान्यता) सम्बन्धी विनियम

(साधिकार मुद्रित)

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अधिकार द्वारा प्रकाशित

(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की बोर्ड बैठक दिनांक 08 जून, 2011 एवं 02 मई, 2012 में संशोधित स्वीकृति पश्चात् सम्बद्धता (मान्यता) संबंधी नये विनियम)

सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर–305 001
PBX Tel. : 0145–2632866 से 2632873 तक E–mail : secy-boser-rj@nic.in
Web site-www.rajeduboard.nic.in Fax : 0145.2627394 ग्राम–राजसैकबोर्ड

अध्याय 13

यह नियम दिनांक 01.09.2011 से प्रभावी माने जायेगे :–

1. **सम्बद्धता (मान्यता) समिति का गठन** :–

   (अ) सम्बद्धता (मान्यता) संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु निम्नानुसार **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति का गठन किया जाएगा :–

   (क) अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड समिति के अध्यक्ष होंगे।

   (ख) आयुक्त, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अलावा बोर्ड द्वारा निर्वाचित 6 सदस्य होंगे, जिनमेः–

   i. उच्च माध्यमिक विद्यालय का एक संस्था प्रधान।

   ii. माध्यमिक विद्यालय का एक संस्था प्रधान।

   iii. स्नातकोत्तर महाविद्यालय का एक आचार्य अथवा विश्वविद्यालय का विभागाध्यक्ष।

   iv. प्राविधिक शिक्षा निदेशक अथवा उनका प्रतिनिधि।

   v. संस्कृत शिक्षा विभाग के निदेशक।

   vi. गैर सरकारी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्राप्त विद्यालय का संस्था प्रधान।

   बोर्ड सचिव द्वारा **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति के सचिव का कार्य किया जाएगा।

   (ब) सम्बद्धता (मान्यता) समिति **सम्बद्धता (मान्यता)** सम्बंधी प्रकरणों को निस्तारित तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कर सकेगी।

2. **सम्बद्धता (मान्यता) समिति के कर्तव्य :–**

   i. शिक्षा संस्थाओं की **सम्बद्धता (मान्यता)** के लिये निरीक्षकों के पेनल को अनुमोदित करना।

   ii. निरीक्षण प्रतिवेदनों की संवीक्षा करना।

   iii. **सम्बद्धता (मान्यता)** संबंधी अन्य जानकारी यदि आवश्यक हो, प्राप्त करना।

   iv. संस्था की **सम्बद्धता (मान्यता)** संबंधी निर्णय प्रदान करना।

   v. ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करना, जो बोर्ड द्वारा उसे प्रदत्त किये गये हो।

   vi. **सम्बद्धता (मान्यता)** संबंधी विनियमों का समय–समय पर पुनरावलोकन करना।

   vii. स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्राप्त संस्थाओं का आवश्यकतानुसार निरीक्षण कराना।

   viii. प्राप्त शिकायतों की जांच कराना।

3. **अस्थायी सम्बद्धता (मान्यता) हेतु आवेदन पत्र व शुल्क जमा कराया जाना** :–

   i. राज्य सरकार द्वारा किसी भी विद्यालय की क्रमोन्नति आदेश प्रसारित करने के पश्चात् उक्त विद्यालय को आदेश प्रसारित होने की दिनांक से एक माह की अवधि के भीतर बोर्ड से अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु आवेदन करना होगा। अन्यथा 5000/– प्रतिमाह विलम्ब शुल्क देय होगा।

ii. विद्यालय द्वारा बोर्ड से अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** प्राप्त करने हेतु निर्धारित **प्रपत्र 'क'** (माध्यमिक/प्रवेशिका एवं उच्च माध्यमिक/ वरिष्ठ उपाध्याय) की पूर्ण रूप से पूर्ति कर नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ–पत्र (परिशिष्ट–1), जो गैर सरकारी विद्यालयों के संदर्भ में प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा दिया जाएगा, क्रमोन्नति आदेश, शिक्षा विभाग के द्वारा कराए गए निरीक्षण की प्रति, स्थानीय निकाय सक्षम एजेन्सी यथा विकास प्राधिकरण/ नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका/ग्राम पंचायत द्वारा भूमि का शिक्षण संस्था के रूप में उपयोग हेतु भूमि सम्परिवर्तन होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन सुरक्षा प्रमाण–पत्र एवं प्रमाणित ब्ल्यूप्रिंट, विद्यालय की वीडियोग्राफी प्रमाणित तथा जिला शिक्षा अधिकारी से आवेदन अभिशंषा सहित अग्रेषित करवाकर बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक में **सम्बद्धता (मान्यता)** शुल्क ऑन लाईन जमा करवा कर बैंक की सील शुदा चालान की प्रति के साथ/**अथवा बोर्ड कार्यालय की मूल रसीद के साथ आवश्यक** रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। **सम्बद्धता (मान्यता)** शुल्क का विवरण अग्रानुसार है :–

कक्षा	**अराजकीय शालाओं हेतु**	**राजकीय शालाओं हेतु**
10 स्तर हेतु	20,000/–	14,000/–
12 स्तर हेंतु	20,000/–	14,000/–

परन्तु राजकीय विद्यालयों का शुल्क निदेशालय से प्राप्त होता है। अतः उन्हें इन प्रपत्रों के साथ शुल्क जमा कराना अथवा जमा राशि का चालान प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं है।

iii. **राजकीय स्कूलों में स्ववित्त पोषित व्यवस्था के तहत् नये विषय खोलने पर देय शुल्क :– राजकीय स्कूलों में स्ववित्त पोषित व्यवस्था के तहत् नये विषय खोलने पर समस्त प्रकार के शुल्क राजकीय स्कूलों के समकक्ष स्थिति मानते हुवे जमा कराने होंगें।**

iv. संस्था/विद्यालय द्वारा इस विनियम के उप विनियम (i) में वर्णित अवधि के पश्चात् आवेदन किया जाता है तो उस सत्र में परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक विलम्ब शुल्क 5000/– प्रतिमाह की दर से देय होगा। मात्र विलम्ब शुल्क के आधार पर विद्यालय परीक्षा आवेदन–पत्र प्राप्त करने का **ऑन लाईन आवेदन पत्र भरवाने का** अधिकारी नहीं होगा। संस्था/विद्यालय को इस विनियम के उपनियम (ii) में वर्णित प्रावधानों की भी पूर्ति करनी होगी।

v. राज्य सरकार/शिक्षा विभाग द्वारा किसी विद्यालय/संस्था को कक्षा 9 व 10 तथा 11 व 12 के लिए एक साथ क्रमोन्नत करने पर अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** शुल्क के अतिरिक्त रूपये 10,000/– और जमा कराने होंगे।

4. **अस्थाई सम्बद्धता (मान्यता) का प्रमाण–पत्र एवं क्रमांक जारी किया जाना :–**

   i. **प्रपत्र 'क'** प्रस्तुत होने पर बोर्ड द्वारा संस्था/विद्यालय को संबद्धता के लिये आवेदन प्राप्ति के 30 (तीस) दिवस के भीतर पंजीकृत कर अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** क्रमांक एवं विद्यालय कोड जारी किये जावेंगे, जिसे बोर्ड वेब साईट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

   ii. अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रमाण–पत्र जारी किये जाने के समय विद्यालय/संस्था पर बोर्ड द्वारा आवश्यक होने पर कतिपय शर्तें भी अधिरोपित की जा सकेगी।

   iii. उक्त प्रकार जारी की गई अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** जारी करने की तिथि से अगले 5 (पांच) वर्ष तक के लिये मान्य होगी। **निजी विद्यालय/संस्था में राज्य सरकार/बोर्ड के नियम/विनियम/निर्देशों की किसी परिस्थिति वर्ष पूर्ति नहीं होने पर अस्थाई सम्बद्धता (मान्यता) की अवधि बोर्ड द्वारा बढ़ाई जा सकेगी। इस प्रकार बढ़ाई गई अवधि में वार्षिक शुल्क एवं पैनल्टी राशि दुगनी दरों पर विद्यालय/संस्थाओं को बोर्ड में जमा कराने होंगे। इस प्रकार से स्थाई सम्बद्धता (मान्यता) लेने से पूर्व निजी विद्यालयों को तत्समय प्रभावी नियम/विनियम/निर्देशों की पूर्णरूपेण पालना करनी होगी।**

5. **परीक्षार्थ आवेदन पत्र प्राप्त किया जाना** :–

   i. सभी राजकीय एवं गैर राजकीय संस्थाओं/विद्यालयों को 25 जुलाई की आधार तिथि मानकर 31 जुलाई तक (31 जुलाई का अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस) प्रपत्र E–1 व E–2 की प्रविष्टियों को ऑन लाईन भरना अनिवार्य होगा।

   ii. अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रदान किए जाने के पश्चात् संस्था/विद्यालय को उनके यहां अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की संख्या के आधार पर बोर्ड परीक्षार्थ आवेदन पत्र ऑन लाईन भरवाये जायेंगे, जो किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या प्रथम वर्ष में 45 से अधिक नहीं हो। **लेकिन किसी विद्यालय/संस्था में क्रमोन्नति से पूर्व की कक्षा में S.R. रजिस्टर में जितने छात्र दर्ज थे, उनमें से उत्तीर्ण शुदा सभी छात्र क्रमौन्नति के बाद अगले सत्र में प्रवेश ले सकेंगें। इस परिस्थिति में विद्यार्थियों की संख्या क्रमोन्नति के प्रथम वर्ष में 45 से अधिक हो सकेंगी।**

6. **निर्धारित समयावधि में स्थाई सम्बद्धता (मान्यता) हेतु आवेदन नहीं करने की स्थिति में** :–

   i. अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** के लिये जारी किये गये प्रमाण–पत्र में उल्लेखित वर्ष की निर्धारित तिथि तक स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु आवेदन नही किया जाता है तथा निर्धारित तिथि तक विद्यालय/संस्था द्वारा अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** के लिए जारी प्रमाण–पत्र में वर्णित कमियों/शर्तो की पूर्ति नहीं की जाती है तो प्रमाण–पत्र में वर्णित कमियों/शर्तो की पूर्ति कर स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु आवेदन करने की दिनांक तक

राजकीय शालाओं हेतु 1000/– तथा अराजकीय शालाओं हेतु 5000/– प्रतिमाह की दर से दण्ड देय होगा।

ii. अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** की अवधि समाप्त होने के उपरान्त परीक्षार्थ आवेदन–पत्र इस विनियम के उप विनियम (i) में वर्णित दण्ड राशि का भुगतान करने पर ही उपलब्ध कराये/स्वीकार किये जायेंगे। दण्ड राशि का भुगतान बोर्ड के निर्धारित बैंक में ऑन लाईन जमा कराया जाकर बैक की सील शुदा चालान की प्रति बोर्ड में प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।

iii. विद्यालय/संस्था को अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** की उक्त अवधि समाप्ति के अगले 2 (दो) वर्ष तक इस विनियम के उप विनियम (i) में वर्णित दण्ड राशि का भुगतान किये जाने पर स्वतः ही बढ़ी हुई मानी जायेगी, जो विद्यालय/संस्था को इस हेतु दिया गया अंतिम अवसर होगा। उक्त प्रकार से बढ़ी हुई अवधि की समाप्ति के पूर्व स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा। इसके पश्चात् अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** अवधि स्वतः समाप्त समझी जायेगी तथा इस प्रकार स्वतः समाप्त हुई अवधि के पश्चात् किसी भी स्थिति में परीक्षार्थ आवेदन–पत्र न तो उपलब्ध कराये जायेंगे और न ही स्वीकार किये जायेंगे।

iv. स्वतः अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** अवधि समाप्त होने के पश्चात् स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** का आवेदन भी स्वीकार नहीं किया जावेगा।

7 स्थायी सम्बद्धता (मान्यता) हेतु आवेदन व शुल्क जमा कराया जाना :–

विद्यालय/संस्था द्वारा अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रमाण–पत्र में वर्णित कमियों/शर्तो की पूर्ति कर अस्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** के प्रमाण–पत्र में वर्णित अवधि की समाप्ति के पूर्व स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु आवेदन **प्रपत्र 'ग'** की पूर्णरूप से पूर्तिकर नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ पत्र (परिशिष्ट–2), जो गैर सरकारी विद्यालयों में प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा दिया जायेगा, के साथ निम्नानुसार स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** शुल्क बोर्ड के निर्धारित बैक में ऑनलाईन जमा कराकर चालान की एक प्रति भी प्रस्तुत की जायेगी :–

स्थायी सम्बद्धता (मान्यता) शुल्क का विवरण –

कक्षा	अराज. शालाओं हेतु	राजकीय शालाओं हेतु
10 स्तर हेतु	20,000/–	14,000/–
12 स्तर हेतु	20,000/–	14,000/–

किन्तु राजकीय विद्यालयों का शुल्क सीधा निदेशालय से प्राप्त होने के कारण राजकीय विद्यालय को शुल्क जमा कराने अथवा जमा राशि का चालान प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

8. <u>निरीक्षण कराया जाना, सम्बद्धता (मान्यता) समिति के समक्ष रखा जाना एवं प्रमाण–पत्र जारी किया जाना :–</u>

i. संस्था/विद्यालय से आवेदन पत्र **प्रपत्र 'ग'** मय शुल्क जमा होने के उपरांत विद्यालय का निरीक्षण बोर्ड द्वारा नियुक्त दो सदस्यीय निरीक्षण दल से करवाया जावेगा, **जो वर्तमान में कार्यरत राजपत्रित (व्याख्याता स्तर) के अधिकारी होगें।**

ii. निरीक्षण दल द्वारा राज्य सरकार/शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अथवा बोर्ड द्वारा दिये जाने वाले दिशा निर्देशों के क्रम में निरीक्षण कर शाला के खर्चे से विद्यालय भवन की पूर्ण विडियोग्राफी कराकर निरीक्षण किए जाने के आदेश प्राप्ति के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को निरीक्षण प्रतिवेदन मय विडियोग्राफी की सी0डी0 आवश्यक रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

iii. निरीक्षण दल द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन संवीक्षा हेतु **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति में रखा जावेगा।

iv. **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति के निर्णयोपरान्त संस्था/विद्यालय को स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु उपयुक्त पाए जाने पर स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रमाण–पत्र बोर्ड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति के निर्णय से 30 (तीस) दिवस के भीतर जारी कर बोर्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराया जाएगा।

v. **सम्बद्धता (मान्यता)** समिति के द्वारा स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** हेतु प्रमाण–पत्र जारी किये जाने का मामला नहीं पाये जाने की स्थिति में अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** अवधि विनियम संख्या 6 (छः) के उप नियम (iii) में वर्णित स्वतः बढ़ी हुई अवधि को सम्मिलित करते हुए बढ़ायी जा सकेगी, किन्तु इसके पश्चात् अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** की **अवधि सभी शुल्क उपनियम 6**(i) **के अनुसार स्कूल/संस्था को जमा कराने होंगें।**

vi. इस विनियम के उप नियम (vi) में वर्णित अवधि की समाप्ति के पूर्व शाला/संस्था को कमियों की पूर्ति अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी, अन्यथा शाला/संस्था का स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** का आवेदन सचिव द्वारा अस्वीकार कर आदेश के अगले सत्र से कक्षाऐं बन्द करने का आदेश दिया जा सकेगा।

9. <u>अतिरिक्त विषय अथवा संकाय हेतु आवेदन, सम्बद्धता (मान्यता) शुल्क तथा विलम्ब शुल्क जमा कराया जाना :–</u>

i. बोर्ड द्वारा अस्थायी/स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रमाण–पत्र जारी किये जाने के उपरान्त शाला की प्रार्थना पर उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय हेतु अतिरिक्त विषय अथवा संकाय के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेश की दिनांक से 30 (तीस) दिवस के भीतर बोर्ड के निर्धारित **प्रपत्र 'ख'** में आवेदन, नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ–पत्र (परिशिष्टि–3), जो कि गैर सरकारी विद्यालय के प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा दिया जाएगा

तथा निम्नानुसार प्रति विषय शुल्क बोर्ड के निर्धारित बैंक में ऑन लाईन जमा करवाकर बैंक की सील शुदा चालान की प्रति के साथ बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत किया जावेगा :–

	अराजकीय विद्यालय	राजकीय विद्यालय
प्रति विषय शुल्क	2,000/–	1400/–

किन्तु राजकीय विद्यालयों का शुल्क सीधा निदेशालय से प्राप्त होने के कारण राजकीय विद्यालय को शुल्क जमा कराने अथवा जमा राशि का चालान प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

ii. अतिरिक्त विषय के आदेश से 30 (तीस) दिवस के पश्चात् आवेदन करने पर विलम्ब शुल्क प्रति विषय 200/– रूपये प्रति माह के हिसाब से पृथक से देय होगा।

iii. इस विनियम के उप नियम (घ) में वर्णितानुसार निर्धारित **प्रपत्र "ख"** प्राप्त होने के उपरान्त अतिरिक्त विषय अथवा संकाय हेतु अस्थाई/स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** का प्रमाण–पत्र (संशोधित) बोर्ड के अधिकृत अधिकारी के द्वारा आदेश से 30 (तीस) दिवस के भीतर जारी कर बोर्ड की वेब साईट पर प्रदर्शित कराया जायेगा।

10. वार्षिक शुल्क –

शिक्षा विभाग द्वारा क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाने की दिनांक से प्रति वर्ष 2,000/– रूपये वार्षिक शुल्क विद्यालय द्वारा परीक्षार्थ आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से बोर्ड के निर्धारित बैंक में अथवा ऑनलाईन जमा कराया जायेगा तथा बैंक की सील शुदा चालान की प्रति बोर्ड में भिजवाई जाएगी। यह शुल्क विद्यालय के अस्तित्व में रहने तक देय होगा।

11.स्थान/भवन/नाम/वर्ग/माध्यम परिवर्तन किए जाने की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाः–

i. गैर राजकीय संस्था/विद्यालय द्वारा बोर्ड की स्वीकृति के बिना स्थान/भवन/नाम/वर्ग/माध्यम परिवर्तन का मामला पाये जाने पर संस्था के विरूद्व सरकार/शिक्षा विभाग के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही को अप्रभावित रखते हुये संस्था को पुनः निरीक्षण शुल्क के रूपये 10000/– जमा कराने होंगे तथा विद्यालय का पुनः निरीक्षण कराया जावेगा। यह राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में विद्यालय को 15 (पन्द्रह) दिवस का नोटिस जारी कर सचिव द्वारा संस्था/विद्यालय की **सम्बद्धता (मान्यता)** निरस्त/ निलम्बित की जा सकेगी।

ii. गैर राजकीय शालाओं के मामले में बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त किये बिना स्थान/भवन/नाम/वर्ग/माध्यम परिवर्तन का मामला पाया जाने पर शाला के माध्यमिक स्तर की होने पर रूपये 20000/– तथा उच्च माध्यमिक स्तर की होने पर रूपये 20000 पृथक–पृथक दण्ड देय होगा। दण्ड राशि नहीं देने पर 15 (पन्द्रह) दिवस का नोटिस जारी कर

सचिव द्वारा शाला/संस्था की **सम्बद्धता (मान्यता)** निरस्त/ निलम्बित करने की कार्यवाही की जा सकेगी।

iii. सचिव उक्त आवेदन आदि का अवलोकन कर अनुमति जारी करेगा, जिसकी सूचना बोर्ड के अधिकृत अधिकारी द्वारा संस्था/विद्यालय को दी जाएगी।

iv. गैर राजकीय शालाओं के स्थान/भवन/नाम/वर्ग/माध्यम में परिवर्तन के संबंध में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा प्रसारित किए जाने वाले आदेश की दिनांक से 30 (तीस) दिवस के भीतर बोर्ड नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ–पत्र (परिशिष्टि–4), जो कि गैर सरकारी विद्यालय के प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा दिया जाएगा व राज्य सरकार/शिक्षा विभाग के आदेश की प्रति के साथ निम्न शुल्क बोर्ड के निर्धारित बैंक में ऑनलाईन जमा कराया जाकर बैक की सील शुदा चालान की एक प्रति भी बोर्ड में प्रस्तुत की जाएगी :–

विद्यालय स्तर	**शुल्क राशि**
माध्यमिक	10,000/–
उच्च माध्यमिक	14,000/–

उक्त वर्णित शुल्क भवन/नाम/वर्ग/माध्यम हेतु पृथक–पृथक देय होगा।

12. शाला/संस्था द्वारा प्रबन्धन का अंतरण किये जाने की स्थिति में :–

i. गैर राजकीय विद्यालय द्वारा शिक्षा विभाग/बोर्ड की स्वीकृति के बिना अन्य प्रबन्ध समिति/संस्था को प्रबन्धन का अन्तरण नहीं किया जाएगा।

ii. गैर राजकीय शालाओं के प्रबंध अंतरण के संबंध में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा प्रसारित किए जाने वाले आदेश की दिनांक से 30 (तीस) दिवस के भीतर नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ–पत्र (परिशिष्ट–5), जो कि प्रबन्ध समिति के सचिव द्वारा दिया जाएगा व राज्य सरकार/शिक्षा विभाग के आदेश की प्रति के साथ निम्न शुल्क बोर्ड के निर्धारित बैंक में ऑनलाईन जमा कराया जाकर बैक की सील शुदा चालान की एक प्रति भी बोर्ड में प्रस्तुत की जाएगी :–

विद्यालय स्तर	**शुल्क राशि**
माध्यमिक	8,000/–
उच्च माध्यमिक	10,000/–

iii. बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त किये बिना संस्था/विद्यालय द्वारा अन्य प्रबन्ध समिति/संस्था को प्रबन्ध अन्तरित किये जाने का मामला पाया जाने पर सचिव द्वारा शाला/संस्था को पुनः निरीक्षण हेतु रूपये 10,000/– जमा कराने एवं शाला/संस्था का पुनःनिरीक्षण बोर्ड द्वारा नियुक्त निरीक्षण दल अथवा बोर्ड अधिकारियों से कराये जाने का आदेश दिया जा सकेगा। पुनः निरीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त बोर्ड सचिव द्वारा शाला/संस्था को 15 दिन का नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। स्पष्टीकरण का अवलोकन करने के उपरांत बोर्ड/शिक्षा विभाग की

शर्तो का उल्लंघन अथवा बोर्ड की अनुमति के बिना प्रबन्धन अंतरण का मामला पाये जाने पर नयी संस्था पर माध्यमिक स्तर हेतु रूपये 20,000/– तथा उच्च माध्यमिक स्तर हेतु रूपये 20,000/– पृथक–पृथक दण्ड लगाया जाकर अंतरण को नियमित किया जा सकेगा।

13. संकाय/विषय का अध्यापन बन्द करने की स्थिति में :–

यदि किसी गैर राजकीय विद्यालय द्वारा क्रमोन्नति आदेश/बोर्ड से अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** /स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** प्राप्त करने के बाद किसी संकाय/विषय में स्वतः ही अध्यापन बन्द कर दिया जाता है तथा शाला/संस्था द्वारा जुलाई माह के अन्त तक बोर्ड को सूचना नही दी जाती है तथा पुनः स्वतः ही बन्द किये गये वर्ग/विषय का अध्ययन सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना आरम्भ किया जाता है तो रूपये 10,000/– दण्ड देय होगा।

14. आर्थिक दण्ड/निलम्बन/ सम्बद्धता (मान्यता) निरस्तीकरण :–

i. बोर्ड द्वारा अस्थाई/स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** प्रमाण–पत्र जारी करने के पश्चात् विद्यालय को राजकीय/शिक्षा विभाग/बोर्ड के नियमों/निर्देशों का पालन करना होगा। गैर राजकीय विद्यालय/संस्था द्वारा नियमों/निर्देशों के उल्लंघन किये जाने, परीक्षा संबंधी फर्जी दस्तावेज के आधार प्रवेश देने अथवा अन्य किसी गंभीर अनियमितता करने की शिकायत प्राप्त होने पर सचिव द्वारा शाला/संस्था को निरीक्षण शुल्क 10,000/– जमा कराने एवं सम्बन्धित शाला का निरीक्षण बोर्ड द्वारा नियुक्त निरीक्षण दल अथवा बोर्ड के अधिकारियों से कराने का आदेश दिया जा सकेगा तथा निरीक्षण उपरान्त शाला/संस्था को 15 (पन्द्रह) दिवस का नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने अथवा नोटिस प्राप्ति के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर शाला/संस्था प्रधान/प्रबन्ध कारिणी के सचिव के अनुपस्थित रहने की स्थिति में एवं नियमों/निर्देशों का उल्लंघन एवं गम्भीर अनियमिता पाए जाने पर बोर्ड सचिव द्वारा विद्यालय/संस्था पर 20,000/– से 51,000/– आर्थिक एवं स्थायी/अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)**एक साल तक के लिए निलम्बित करने अथवा उक्त दोनो दण्डों से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा तथा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षार्थ आवेदन–पत्र/परीक्षा परिणाम भी निरस्त किए जाऐंगे।

ii. यदि कोई विद्यालय दुगुने परीक्षा शुल्क की तिथि तक भी बोर्ड के निर्धारित बैंक मे ऑन लाईन दुगुना परीक्षा शुल्क जमा करवाने में असमर्थ रहता है तो ऐसे गैर राजकीय विद्यालयों के परीक्षा आवेदन–पत्र उपलब्ध/स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा ऐसे विद्यालयों की **सम्बद्धता (मान्यता)** दो वर्ष के लिये निलम्बित की जाएगी।

iii. परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ प्रमाणित प्रलेख संलग्न नहीं किए जाने की स्थिति में प्रति परीक्षार्थी रू. 1000/– शास्ति शुल्क देय होगा। यदि परीक्षा परिणाम घोषित होने तक शास्ति शुल्क एवं प्रलेखों की प्रमाणित प्रतियॉ उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो ऐसे गैर राजकीय

विद्यालयों की **सम्बद्धता (मान्यता)**एक वर्ष के लिये निलम्बित की जायेगी तथा सम्बंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र/ परीक्षा परिणाम भी **रोक लिये** जाऐंगे।

iv. गैर राजकीय विद्यालयों के मामले में बिना पात्रता प्रमाण–पत्र संलग्न किये परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण करने की स्थिति में प्रति परीक्षार्थी रू.1000/–(एक हजार रूपये) गैर राजकीय व राजकीय शालाओं पर शास्ति शुल्क देय होगा। यदि परीक्षा परिणाम घोषित होने तक शास्ति शुल्क जमा एवं पात्रता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो ऐसी गैर राजकीय शाला की **सम्बद्धता (मान्यता)** एक वर्ष के लिये निलम्बित की जायेगी, सम्बंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र/परीक्षा परिणाम भी **रोक लिये** जाऐंगे।

v. किसी गैर राजकीय विद्यालय द्वारा अपात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने की स्थिति में 1000/– प्रति विद्यार्थी शाला पर दण्ड लगाते हुए परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाएगा तथा पुनरावृत्ति किए जाने की स्थिति में सम्बन्धित विद्यार्थी के आवेदन–पत्र/परीक्षा परिणाम निरस्त करने के साथ–साथ शाला/संस्था की **सम्बद्धता (मान्यता)** तीन साल तक के लिए निलम्बित की जा सकेगी।

vi. विद्यालय/संस्था तभी तक **सम्बद्धता (मान्यता)** प्राप्त रह पावेगी जब तक कि वह राज्य सरकार/शिक्षा विभाग से स्वीकृति के अधीन है। राज्य सरकार/शिक्षा विभाग के निर्णय उपरांत बोर्ड द्वारा संस्था/विद्यालय को जारी अस्थाई/स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** स्वतः निरस्त हो जाएगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा पृथक से नोटिस जारी करने अथवा स्पष्टीकरण मांगने की आवश्यकता नहीं होगी।

vii. बोर्ड द्वारा आकस्मिक निरीक्षण का अधिकार सुरक्षित रखते हुए गैर राजकीय शाला/संस्था का कभी भी निरीक्षण कराया जा सकेगा, जिसका शुल्क 10,000/– संस्था/शाला को जमा कराना आवश्यक होगा। निरीक्षण शुल्क जमा नहीं कराने पर अस्थाई/स्थाई **सम्बद्धता (मान्यता)** निरस्त की जा सकेगी।

viii. विद्यालय/संस्था द्वारा नियमों/निर्देशों का उल्लंघन एवं गम्भीर अनियमिता की पुनरावृत्ति किये जाने की स्थिति में शाला/संस्था की स्थायी/अस्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** समाप्त की जा सकेगी।

ix. नियमों/निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर राजकीय विद्यालयों के मामलों में विद्यालय के संस्था प्रधान के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सक्षम अधिकारी को लिखा जावेगा तथा सम्बंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र/परीक्षा परिणाम भी निरस्त किये जाऐंगे।

x. यदि कोई विद्यालय किसी अन्य बोर्ड से मान्यता चाहने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र (N O C) चाहता है तो विद्यालय का लम्बित शुल्क प्राप्त कर तथा 10,000/– रूपये शुल्क देने के उपरान्त ही अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किया जा सकता है।

15. विद्यालय/संस्था द्वारा निरीक्षण दल को असहयोग करने की स्थिति में :–

किसी राजकीय/गैर राजकीय विद्यालय/संस्था द्वारा निरीक्षण दल को वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने अथवा असहयोग करने एवं निरीक्षण दल द्वारा संस्था के बाबत् अन्यथा विपरीत रिपोर्ट पाये जाने पर ऐसे विद्यालय/संस्था को कारण बताते हुये पुनः निरीक्षण शुल्क रूपये 10,000/– ऐसी शाला/संस्था द्वारा जमा कराने के पश्चात् निरीक्षण कराया जावेगा। पुनः निरीक्षण शुल्क जमा नहीं कराने पर ऐसे गैर राजकीय विद्यालय/सस्था का अस्थायी/स्थायी **सम्बद्धता (मान्यता)** का प्रमाण–पत्र निरस्त /निलम्बित कर दिया जायेगा।

16.. सम्बद्धता (मान्यता) प्रमाण–पत्र खोने अथवा नष्ट होने पर प्रकिया :–

किसी गैर राजकीय विद्यालय/संस्था का **सम्बद्धता (मान्यता)** सम्बन्धी प्रमाण–पत्र नष्ट हो जाने अथवा खो जाने की स्थिति में प्रार्थना पत्र मय नोटरी से तस्दीक शुदा शपथ–पत्र (परिशिष्ट–6) प्रबन्ध समिति के सचिव की ओर से प्रस्तुत करने पर प्रति प्रमाण–पत्र 1000/– रूपये शुल्क के जमा कराने पर अधिप्रमाणित प्रतिलिपि जारी की जायेगी।

17. अपील किया जाना :–

i. सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा पारित आदेश से व्यथित किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे आदेश के विरूद्ध अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के समक्ष आदेश प्राप्ति की दिनांक से 30 (तीस) दिवस के भीतर प्रथम अपील की जा सकेगी। उक्त समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत अपील पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ii. अपील के ज्ञापन में मामले के पूरे तथ्य अन्तर्विष्ट होंगे और उसके साथ आदेश, जिसके विरूद्व अपील की गयी है, की अधिप्रमाणित प्रतिलिपि और अपील के समर्थन में अन्य सुसंगत दस्तावेज होंगे।

iii. अपील प्राप्त होने पर, अध्यक्ष बोर्ड सचिव से तत्परता से सुसंगत अभिलेख मँगायेंगें और ऐसे अभिलेख की परीक्षा करने और अपीलार्थी एवं सचिव को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् अध्यक्ष ऐसे आदेश, जिसके विरूद्व अपील की गयी है, को पुष्ट, उपान्तरित या उलट सकेगा और उक्त विनिश्चय से अपीलार्थी को तुरन्त सूचित किया जायेगा।

नोट : किसी भी विद्यालय का परीक्षा संबंधी कोई अनियमितता (फर्जीवाड़ा) संबंधी तथ्य सही साबित हो जाये तो ऐसे विद्यालय को आर्थिक दण्ड बतौर रूपये 20,000/– (रूपये बीस हजार) तथा एक साल के लिये मान्यता निलम्बित कर दी जावे।

18. द्वितीय अपील किया जाना :–

i. अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा प्रथम अपील में पारित आदेश के विरुद्ध आदेश से व्यथित किसी व्यक्ति द्वारा बोर्ड के समक्ष आदेश प्राप्ति की दिनांक से 30 (तीस) दिवस के भीतर द्वितीय अपील की जा सकेगी। उक्त अवधि के पश्चात् प्रस्तुत द्वितीय अपील पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ii. अपील के ज्ञापन में मामले के पूरे तथ्य अन्तर्विष्ट होंगे और उसके साथ आदेश, जिसके विरूद्व द्वितीय अपील की गयी है, की अधिप्रमाणित प्रतिलिपि और अपील के समर्थन में अन्य सुसंगत दस्तावेज होंगे।

iii. द्वितीय अपील प्राप्त होने पर, अपील प्राधिकारी बोर्ड सचिव से तत्परता से सुसंगत अभिलेख मॅगायेगा और ऐसे अभिलेख की परीक्षा करने और अपीलार्थी एवं सचिव को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् अपील प्राधिकारी ऐसे आदेश, जिसके विरूद्व द्वितीय अपील की गयी है, को पुष्ट, उपान्तरित या उलट सकेगा और उस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा। उक्त विनिश्चय से अपीलार्थी एवं सचिव को तुरन्त संसूचित किया जायेगा।

19. विविध :–.

1. जिस सत्र में विद्यालय को राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त होती है, तो उस विद्यालय को उसी सत्र में बोर्ड से मान्यता प्राप्त करनी होगी। यदि विद्यालय ऐसा नहीं करता है तो संबंधित विद्यालय को नये सिरे से राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त करनी होगी।
2. 01.01.2011 के बाद अस्थाई / स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों को ग्यारह माह का प्रतिवर्ष रजिस्टर्ड किराया नामा प्रस्तुत करना होगा।
3. जिन विद्यालयों का वार्षिक शुल्क बकाया है उन विद्यालयों से 31.08.2011 तक पुराने नियमानुसार तथा 01.09.2011 से नये नियमानुसार शुल्क प्राप्त किया जावेगा।
4. 01.09.2011 तक राज्य सरकार द्वारा क्रमोन्नत विद्यालय जिन्होंने बोर्ड में अस्थाई/स्थाई मान्यता के लिये आवेदन कर दिया है, उनसे पूर्व नियमानुसार ही शुल्क प्राप्त किया जावेगा।
5. 01.09.2011 बाद जो विद्यालय राज्य सरकार से जारी क्रमोन्नत आदेश की दिनांक से एक माह के भीतर बोर्ड में मान्यता हेतु आवेदन नहीं करते है तो ऐसे विद्यालयों से एक माह पश्चात् रूपये 5000/– (रूपये पांच हजार) प्रति माह की दर से विलम्ब शुल्क लिया जावेगा।
6. 01.09.2011 से अस्थाई/स्थाई मान्यता हेतु आवेदन करने वाले विद्यालय से विद्यालय भवन, कक्षा कक्ष, प्रयोगशाला, खेल का मैदान इत्यादि की विडियोग्राफी करवाकर उसकी सी.डी. मय वीडियोग्राफर/संस्था प्रधान के प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करनी आवश्यक होगी।

X

परिशिष्ट–1

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र ..... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों की पूर्ति करती है।
4. यह कि शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा अधिरोपित अन्य शर्तों की निर्धारित समयावधि में पालना कर ली जाएगी।
5. यह कि जिस भवन में शाला चल रही है, वह भवन बोर्ड/शिक्षा विभाग के मानकों की पूर्णरूप से पूर्ति करता है।
6. यह कि मेरी संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई कार्यवाही शिक्षा विभाग/बोर्ड में विचाराधीन नहीं है तथा मेरी संस्था को शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा पूर्व में कभी दण्डित नहीं किया गया।
7. यह कि आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य यदि असत्य पाया जावे तो शाला संस्था के विरुद्ध बोर्ड विद्यालय की मान्यता निरस्त करने एवं दण्ड आरोपित करने सहित किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा इस कार्यवाही से विद्यार्थियों को होने वाली हानियों के लिये तत्समय कार्यरत् अध्यक्ष/सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 07 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–2

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र .... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों तथा अधिरोपित अन्य शर्तों की पूर्ति कर ली गई है।
4. यह कि जिस भवन में शाला चल रही है, वह भवन बोर्ड/शिक्षा विभाग के मानकों की पूर्णरूप से पूर्ति करता है।
5. यह कि आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य यदि असत्य पाया जावे तो शाला संस्था के विरुद्ध बोर्ड विद्यालय की मान्यता निरस्त करने एवं दण्ड आरोपित करने सहित किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा इस कार्यवाही से विद्यार्थियों को होने वाली हानियों के लिये तत्समय कार्यरत् अध्यक्ष/सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 05 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–3

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र .... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों तथा अधिरोपित अन्य शर्तोंकी पूर्ति कर ली गई है।
4. यह कि शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा अतिरिक्त विषय के प्रयोजनार्थ अधिरोपित शर्तों की निर्धारित समयावधि में पालना कर ली जाएगी।
5. यह कि जिस भवन में शाला चल रही है, वह अतिरिक्त विषय के प्रयोजनार्थ भी भवन बोर्ड/शिक्षा विभाग के मानकों की पूर्णरूप से पूर्ति करता है।
6. यह कि मेरी संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई कार्यवाही शिक्षा विभाग/बोर्ड में विचाराधीन नहीं है तथा मेरी संस्था को शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा पूर्व में कभी दण्डित नहीं किया गया।
7. यह कि आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य यदि असत्य पाया जावे तो शाला संस्था के विरुद्ध बोर्ड विद्यालय की मान्यता निरस्त करने एवं दण्ड आरोपित करने सहित किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा इस कार्यवाही से विद्यार्थियों को होने वाली हानियों के लिये तत्समय कार्यरत् अध्यक्ष/सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 07 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–4

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र .... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों तथा अधिरोपित अन्य शर्तों की पूर्ति करती है।
4. यह कि मेरी संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई कार्यवाही शिक्षा विभाग/बोर्ड में विचाराधीन नहीं है तथा मेरी संस्था को विभाग द्वारा पूर्व में कभी दण्डित नहीं किया गया।
5. यह कि जिस भवन में शाला चलाई जानी प्रस्तावित है, वह भवन बोर्ड/ शिक्षा विभाग के मानकों की पूर्णरूप से पूर्ति करता है।
6. यह कि मेरी संस्था ने भवन/नाम/वर्ग/माध्यम परिवर्तन हेतु राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ..... से आदेश प्राप्त कर लिया है। आदेश में वर्णित शर्तों की पूर्णरूप से पालना की जायेगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 06 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–5

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र .... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों तथा अधिरोपित अन्य शर्तों की पूर्ति करती है।
4. यह कि मेरी संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई कार्यवाही शिक्षा विभाग/बोर्ड में विचाराधीन नहीं है तथा मेरी संस्था को विभाग द्वारा पूर्व में कभी दण्डित नहीं किया गया।
5. यह कि मेरी संस्था ने शाला/संस्था के प्रबन्ध अन्तरण हेतु राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ..... में आदेश प्राप्त कर लिया है। आदेश में वर्णित शर्तों की पूर्णरूप से पालना की जायेगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 07 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–6

शपथ–पत्र

मैं ..... पिता श्री ..... जाति .....उम्र ..... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि मान्यता समिति प्रमाण–पत्र के खो जाने के संबंध में पुलिस थाना .... में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है, जिसकी प्रति संलग्न है।
4. यह कि भविष्य में खोए हुए प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर मैं बोर्ड को सूचित/ उपलब्ध करा दूंगा।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 04 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

परिशिष्ट–7
(10 रूपये के स्टाम्प पर)

शपथ–पत्र

मैं ..... पुत्र श्री ..... जाति .....उम्र ..... निवासी ..... सशपथ निम्न बयान करता हूँ :–

1. यह कि मैं ..... विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव/ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत् हूँ तथा प्रबन्ध समिति द्वारा शाला–संचालन हेतु संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु मुझे अधिकृत किया हुआ है।
2. यह कि मान्यता हेतु आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य सही व सत्य है।
3. यह कि शाला/संस्था, शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी शर्तों की पूर्ति करती है।
4. यह कि शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा अधिरोपित अन्य शर्तों की निर्धारित समयावधि में पालना कर ली जाएगी।
5. यह कि जिस भवन में शाला चल रही है, वह भवन बोर्ड/शिक्षा विभाग के मानकों की पूर्णरूप से पूर्ति करता है।
6. यह कि मेरी संस्था के विरुद्ध वर्तमान में कोई कार्यवाही शिक्षा विभाग/बोर्ड में विचाराधीन नहीं है तथा मेरी संस्था को शिक्षा विभाग/बोर्ड द्वारा पूर्व में कभी दण्डित नहीं किया गया।
7. यह कि आवेदन–पत्र में वर्णित तथ्य यदि असत्य पाया जावे तो शाला संस्था के विरुद्ध बोर्ड विद्यालय की मान्यता निरस्त करने एवं दण्ड आरोपित करने सहित किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा तथा इस कार्यवाही से विद्यार्थियों को होने वाली हानियों के लिये तत्समय कार्यरत् अध्यक्ष/सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्त्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ–पत्र की चरण संख्या– 01 से 07 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है, ईश्वर मेरी सहायता करें।

स्थान :–
दिनांक :– **शपथकर्त्ता**

